तापमान
अधिकतम 14.0 डिग्री
न्यूनतम 2.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार,16 जनवरी 2024

11 आयुर्वेदिक औषधियों से होगा लोगों का उपचार



12 शास्त्री कॉलोनी के शिव मंदिर में पहुंचे विज



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी सलीम को गिरफ्तार किया है। सारंगपुर के चरणजीत सिंह ने 25 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि रूपोमाजरा बकरा मंडी के पास से किसी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

**बराड़ा।** अनाज मंडी के पास बीते दिनों हुए सडक़ हादसे में एक महिला की मौत हो गई। दो लोगों अभी अस्पताल में उपचाराधीन है। पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि बीती 14 जनवरी को करीब सुबह 9 बजे उसका बडा भाई सतपाल, उसका लडका नैतीश वा उसकी माता जीतो देवी घर से नारायणगढ़ मारकंडा में माथा टेकने को निकले थे। अनाज मंडी के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जीतो देवी की मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में जच्चा की मौत

**पानीपत।** पानीपत की महादेव कॉलोनी में सात दिन पहले मां बनी तुलसी पत्नी राहुल मूल निवासी गुजरात की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह वह उठी और उसने अपनी सास से पीने का पानी मांगा। पानी पीते ही उसे घबराहट हुई और चिल्लाने लगी। इसके बाद वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में परिजन तुरंत उसे सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डीटीपी के खिलाफ प्रदर्शन होगा

पानीपत। अंसल एपीआई में स्थित गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदारों को मालिकाना हक दिलाने के लिए 17 जनवरी बुधवार को गैलेक्सी कोर्ट मार्केट सोसाइटी और जन आवाज सोसाइटी द्वारा डीटीपी कार्यालय नजदीक टोल प्लाजा के पास प्रदर्शन कर डीटीपी के माध्यम से महानिदेशक कंट्री एंड टाउन प्लानिंग विभाग चंडीगढ़ के नाम ज्ञापन सौंपकर गैलेक्सी कोर्ट के दुकानदारों को निशुल्क कंप्लीशन जारी करने की मांग की जाएगी।

# मकर संक्रांति पर्व पर भी नहीं थमा कोहरे और शीतलहर का प्रकोप

## मौसम में ठंडक बनी रहने से पर्व पर दुकानदारी रही ठंडी, मौसम में बनी ठंडक से ठिठुरते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में एक दिन पहले कुछ देर खिली धूप के बाद सोमवार को अलसुबह से दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा और दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे व शीतलहर चलती रही। जिससे मौसम में बढ़ी ठंड से लोग दिन भर ठिठूरते रहे। खास बात यह रही कि मकर संक्रांति के पर्व पर मौसम में अधिक ठंड बढ़ने से बाजारों में ग्राहकों की रौनक कम रही। वहीं, मौसम में ठंड बढ़ने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

■ सुबह के वक्त छाया घना कोहरा और दिन भर आसमान में छाए रहे धुंध के बादल

सोमवार को मकर संक्राति का पर्व होने से कुछ लोग सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए घरों से निकलने लगे। मगर इस दौरान उन्हें आसमान में धुंध के बादल छाए होने और शीतलहर चलने से मौसम में बनी ठंड का सामना करना पड़ा। मौसम में हाड़ गलाने वाली ठंड में ठिठुरते हुए जहां लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की, वहीं, कामकाजी लोग ठिठुरते हुए अपने गंतव्यों पर पहुंचे और कामकाज शुरू किया।



यमुनानगर में सोमवार सुबह घने कोहरे के बीच सड़कों पर रेंगते वाहन।

### ठंड से बाजारों में रौनक रही कम

सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व होने के बावजूद शहर के बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही काफी कम रही। जिससे दुकानदारी ठंडी रही। दुकानदार टिंकल, मोहित व संजय ने बताया कि करीब एक पखवाड़े के बाद गत रविवार को दोपहर बाद दो तीन घंटे के लिए अच्छी धूप खिली थी। उन्हें लगा था कि मकर संक्राति पर्व पर मौसम साफ रहेगा और लोग बाजारों में पहुंचकर खरीददारी करेंगे। मगर मकर संक्राति पर्व के मौके पर दिन भर आसमान में बादल छाए रहने और शीतलहर चलने से बाजारों से ग्राहकों की रौनक ना के बराबर रही। आलम यह रहा कि सोमवार को अल सुबह घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चलने से मौसम में हाड गलाने वाली ठंड बनी हुई थी। उन्हें उम्मीद थी कि आज भी धूप खिलेगी। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से और शीत लहर चलने से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। कुछ ही ग्राहकों ने खरीददारी करने की हिम्मत जुटाई।

### तापमान घटने से ठंड ने छुटाई कंपकंपी

सोमवार को जिले जिले का तापमान घटकर न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी एक सप्ताह और ठंड बढ़ने की उम्मीद है।

# शीत लहर ने छुड़ाई कंपकंपी दोपहर को धूप से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

घने कोहरे ने एक बार फिर लोगों की परेशानी बढ़ा दी। सोमवार को सुबह जिलेभर में घना कोहरा छा गया। जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखे। सड़कों पर जाम की स्थिति रही। हादसों से बचाव के लिए चालक अपने वाहनों की हेड लाइट जलाकर चल रहे थे। दोपहर 12 बजे लोगों को ठंड से उस वक्त बड़ी राहत मिली जब अचानक तेज धूप निकली। धूप निकलते ही लोग अपने घरों व दुकानों से बाहर निकल आए। लोगों ने धूप का आनंद लिया। इससे आमजन के साथ-साथ जीव-जंतुओं का भी ठंड से बचाव हुआ। रात से ही जिला कोहरे की सफेद चादर से ढक गया था। सुबह लोग उठे तो आसपास कुछ भी ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। यहां तक की 20 मीटर की दूर भी स्पष्ट नजर नहीं आ रहा था। चालक वाहनों की हेड लाइट जलाकर चल रहे थे ताकि कोई हादसा न हो जाए। वहीं सड़कों पर ऐसे भी कार, ट्रक चालक दिखाई दिए जो घना कोहरा होने पर भी अपने वाहनों की हेड लाइट नहीं जला रहे थे। इससे हादसा होने की संभावना ज्यादा रहती है। जिले का अधिकतम तापमान 13 डिग्री व न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

■ हादसों से बचाव के लिए चालक अपने वाहनों की हेड लाइट जलाकर चल रहे

### शीतकालीन अवकाश के बाद आज खुलेंगे स्कूल

**कुरुक्षेत्र।** जिला के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय 15 दिन के शीतकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से खुलेंगे। विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निदेर्शानुसार सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 3 तक का शीतकालीन अवकाश 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। वहीं कक्षा 4 से 12वीं तक के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में 16 जनवरी से कोई शीतकालीन अवकाश नहीं रहेगा, यह स्कूल पुनः की भांति खुलेंगे।

# रंजिश को लेकर दो गुटों में चाकू चले

## दो युवक बुरी तरह जख्मी, बहन का पीछा करने से शुरू हुई रंजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बहन का पीछा करने से शुरू हुई रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला हो गया। हमले में युवक का हाथ व टांग बुरी तरह जख्मी हो गए। जख्मी हालत में उसे नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। कबीर नगर के रहने वाले वैभव ने बताया कि वह आर्य स्कूल में कक्षा 12वीं में पढ़ता है। मुख्य आरोपी लेफ्टी कालिया व अभिषेक समेत 10-11 अन्य युवकों ने उस पर रंजिश को लेकर हमला किया है। वह नारायणगढ़ मोड स्थित अपने दोस्त मंदीप के दफ्तर गया था। यहां पहले से लेफ्टी कालिया, अभिषेक, अभय व उनके 10-11 साथी पहले से खड़े थे। उसकी आरोपियों के साथ पिछले लंबे समय से रंजिश चल रही है। उसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उसे व उसके साथी विपिन व साहिल को घेर लिया। इस दौरान लेफ्टी कालिया, अभिषेक ने उसके पेट में चाकू मारने की कोशिश की। वह चाकू उसने अपने हाथ से रोक लिया। चाकू लगने से उसकी उंगली पर चोट आई। इसके बाद कालिया ने उसके बांए पट पर चाकू से कई वार किए। वह जमीन पर गिर गया। हमलावरों ने लोहे की रॉड व डंडे-बिंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा केस दर्ज किया है। वैभव के मुताबिक लेफ्टी कालिया खुद को बड़ा बदमाश समझता है। परिवार वालों ने बेदखल किया हुआ है। लेफ्टी अपनी गैंग में नाबालिग बच्चों को जोड़ता हैताकि सजा न हो। लगभग 2-3 साल पहले भी लेफ्टी ने उसके दोस्त टोनी की टांग पर चाकू से हमला किया था। नस कटने से टोनी की टांग काटनी पड़ी थी। वैभव ने बताया कि सुलतानपुर का विपिन उसका दोस्त है। आरोपी लेफ्टी उसके दोस्त विपिन की बहन का पीछा करता था। यही नहीं बदमाशी दिखाते हुए उसने फोन पर भी बहन को उठा ले जाने की धमकी दी थी। तभी से रंजिश चली हुई है। 2 दिन पहले भी प्रेम नगर में आरोपियों ने उनके ऊपर हमला किया था। तब उन्होंने मॉडल टाउन चौकी में शिकायत दी थी। हमले में डॉक्टर नाम के युवक को भी चाकू लगा है।



चाकू के हमले में जख्मी युवक अस्पताल में उपचाराधीन।

■ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

# हत्या मामले में प्रेमिका सहित दो गिरफ्तार

## आरोपियों को न्यायालय में किया पेश, हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला पुलिस करनाल की सभी टीमों द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में लगातार अच्छा काम किया जा रहा है। इसी क्रम में सीआईए टू करनाल की टीम ने निरीक्षक मोहन लाल के नेतृत्व में पहलवान कृष्ण की हत्या करने के मामले में आरोपी कर्मजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह वासी संगोहा और कर्मजीत की पत्नी व मृतक कृष्ण पहलवान की प्रेमिका जरीना खातून नबी अहमद पुत्री नबी अहमद सद्दिकी वासी मुंबई महाराष्ट्र हाल पत्नी कर्मजीत वासी संगोहा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पेश न्यायालय कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मामले में पूछताछ में पाया गया कि कृष्ण जरीना का प्रेमी था। जिनका पिछले लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था। मृतक कृष्ण ने ही जरीना की शादी कर्मजीत वासी संगोहा से कराई थी। और शादी के बाद भी मृतक कृष्ण अपनी प्रेमिका जरीना अर्थात कर्मजीत की पत्नी से मिलने आता रहता था। जोकि 08 जनवरी को भी इसी तरह कृष्ण अपनी प्रेमिका से मिलने उनके घर संगोहा गया हुआ था। जोकि किसी बात को लेकर कृष्ण की कहा सुनी प्रेमिका के पति कर्मजीत से हो गई। जिसमे कर्मजीत ने डंडा उठा कर कृष्ण के सर में मार दिया। गहरी चोट के कारण खून बहने से मौके पर कृष्ण की मृत्यु हो गई। जिसके बाद कर्मजीत और जरीना ने सबूत मिटाने के लिए मृतक कृष्ण के सर से बह रहे खून को साफ किया और फिर डर के कारण जरीना मौके से फरार हो गई। और कर्मजीत ने पूछताछ में बताया कि जरीना ही कृष्ण की हत्या करके फरार हो गई है। वारदात के बारे पता चलने पर थाना सदर में मृतक कृष्ण के पिता जगदीश वासी शाहपुर, इंद्री की शिकायत के आधार पर जरीना के खिलाफ आईपीसी की धारा 302, 201 के तहत मुकदमा नंबर 28 दर्ज किया गया था।



पुलिस हिरासत में दोनों आरोपी।

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

यमुनानगर। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने युवती के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जनवरी को शाम चार बजे उसकी 20 वर्षीय लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को कॉलोनी को ही सद्दाम शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# वेतन विसंगितयों को दूर करने की मांग को लेकर पटवारियों की हड़ताल रही जारी

**कुरुक्षेत्र।** वेतन विसंगितयों को दूर करने की मांग पर शुरू की गई पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल सोमवार को भी जारी रही। पटवारियों ने पटवार भवन में धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। हड़ताल के कारण अब राजस्व के कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं। लोगों के न तो जमीन की फर्द निकलवाने सहित कार्य हो पा रहे हैं और न ही रजिस्टिरियां हो रही है।



द रवेन्यू पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान डा.साहब सिंह सैनी व महासचिव भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राज्य प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से पिछले साल चार जनवरी को मुलाकात हुई थी। इसमें उनकी वेतन को 35 हजार 400 रुपये की मांग को नहीं माना है जबकि पत्र की अधिसूचना 2016 का हुआ था। कहा कि वे सांकेतिक धरने पर हैं और सरकार यदि उनकी मांग मान लेती है तो वे हड़ताल समाप्त कर देंगे। कहा कि उनके पास हड़ताल और धरना देने की अलावा रास्ता नहीं है। धरनारत पटवारियों ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बढ़ाए गए वेतनमान का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा।

# हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग को लेकर हरियाणा बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह बिधराण ने कुरुक्षेत्र से संघर्ष की पहली शुरू की है इस पल का समर्थन हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्व ओएसडी महेंद्र सिंह चोपड़ा ने भी समर्थन किया है। कुरुक्षेत्र में हरियाणा बनाओ अभियान के नाम से एक संगठन द्वारा आयोजित सेमिनार में सैकड़ों अधिवक्ता प्रोफेसर, सरपंच और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों ने हरियाणा की नई राजधानी और अलग उच्च न्यायालय बनाने की मांग उठाने का प्रस्ताव पारित किया। चर्चा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडा के पूर्व ओएसडी एम एस चोपड़ा भी उपस्थित थे।

■ कुरुक्षेत्र से संघर्ष की पहली शुरू की



कुरुक्षेत्र। मंच पर उपस्थित अधिवक्तागण।

उन्होंने सेमिनार में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में अपना भाषण दिया। मुख्य समारोह की व्यवस्था एवं आयोजन पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल रणधीर सिंह बधराण एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके गुप्ता ने भी हरियाणा की नई राजधानी और अलग हाईकोर्ट के मुद्दे पर अपना पूरा समर्थन दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरमेज सिंह, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगरूप सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन करनाल चांदवीर सिंह मंधान एडवोकेट कर्मबीर सिंह मंढाण एडवोकेट करण सिंह मंढाण, एडवोकेट हरपाल सिंह सुखदेव सिंह, देवेंदर सिंह, सुमेर करोण, यादविंदर सिंह श्योराण, सतीश सांगवान एडवोकेट, राहुल सैनी अमित अटवान, दीपका सेठी रजत दहिया विक्रांत कुंडू , भारत भूषण उपस्थित थे।

# पुलिस ने हेरोइन के साथ दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवैध नशीले पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान आरोपियों से 35 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल टीम में तैनात एएसआई ऋषिपाल ने बताया कि पुलिस टीम ने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान दिव्यांशु उर्फ रितिक के रूप में हुई। उधर, बूडिया गेट पुलिस चौंकी में तैनात एएसआई ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि भारत सेवक नगर जगाधरी में एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर जाकर वहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान दक्ष के रूप में हुई। पुसिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया अदालत में पेश

**भंडाफोड़** | कंपनी की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर 6.60 लाख की ठगी की

# फर्जी वेबसाइट बनाकर ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत की अगुवाई में कार्रवाई करते हुए जिला पानीपत की साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने फर्जी वेबसाइट बनाकर कंपनी की फ्रेंचाइजी देने व लक्की ड्रा निकलने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के सरगना सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह एक साल से वारदात कर रहे है। आरोपी विभिन्न राज्यों में लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देकर करोड़ों रुपए की राशि ठग चुके है। वहीं, एएसपी मयंक मिश्रा ने सोमवार को साइबर क्रामइ थाना में प्रेसवार्ता कर प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम ने चारों आरोपियों को रविवार को बिहार के पटना से काबू कर इनके कब्जे से 14 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 18 सिम कार्ड, स्टेट बैंक की 2 फर्जी मोहर, 4 अन्य मोहर व पते लिखे 304 लिफाफे व 900 लक्की ड्रा कूपन व 93 ऑफर फार्म बरामद किये हैं। आरोपियों की पहचान अमित पुत्र उमेश निवासी कतरी सराय नालंदा, दीपक भारती पुत्र जयकृष्ण निवासी सूपाल, कुलदीप पुत्र गयामहत्व निवासी लखी सराय व चंदन निवासी कतरी सराय नालंदा बिहार के रूप में हुई हैं।

■ आरोपियों से 14 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 18 सिम कार्ड, फर्जी मोहर, पते लिखे 304 लिफाफे व 900 लक्की ड्रा कूपन मिले



**पानीपत।** साइबर ठगी करने के आरोपियों को मीडिया के समक्ष पेश करते हुए एएसपी मयंक मिश्रा।

### रिमांड पर लिया

आरोपियों ने पानीपत हुडा सेक्टर 11 निवासी यश गर्ग 6.60 लाख रुरूपये की ठगी कर चुके थे। यश की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। एएसपी श्री मयंक मिश्रा ने बताया उक्त गिरोह फर्जी वेबसाइट के अतिरिक्त लक्की ड्रा निकलने के नाम पर भी लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी की वारदातें करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने और कितने लोगों के साथ ठगी की आदि की जानकारी लेने के लिए पुलिस ने कोर्ट से अमित व कुलदीप को आठ दिन व दीपक व चंदन को दो दिन के रिमांड पर लिया है।

# एक्टिवा सवार दंपती से स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दंपति से हुई स्नेचिंग मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी पर पहले भी स्नेचिंग के दो मामले दर्ज हैं। थाना शहर यमुनानगर प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक पर सवार होकर रोड छप्पर के पास वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील व सुरेश की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे दो युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने दंपत्ति से स्नेचिंग करने की वारदात को खुलासा किया। पूतछात में आरोपियों की पहचान कलानौर निवासी विकास व रोड छपर निवासी योगेश के नाम से हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने विकास की बाइक पर वारदात को अंजाम दिया था।

■ एक आरोपी पर पहले भी स्नेचिंग के दो मामले दर्ज



यमुनानगर में पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी स्नेचर।

### यह था मामला

थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि 14 जनवरी को देवी भवन बाजार निवासी प्रिंस अपनी पत्नी के साथ एक्टिवा पर सवार होकर जगाधरी किसी काम से जा रहा था। इस दौरान प्रिंस बाइक चला रहा था जबकि उसकी पत्नी पीछे बैठी थी। जैसे ही वह डीएवी कॉलेज के नजदीक पहुंचे बाइक पर सवार दोनों युवक आए और पीछे बैठी महिला के हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए जिसमें कैश व अन्य सामान था।

## खबर संक्षेप

### एमएचयू में पढ़ने वाले छात्रों के लिए बस सेवा शुरू

**करनाल।** हरियाणा रोडवेज डिपो करनाल द्वारा महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए स्पेशल बस सेवा शुरू की है। बस करनाल से बागवानी महाविद्यालय अंजनथली जाएगी। करनाल से बस सेवा शुरू होने पर एमएचयू के अनुसंधान निदेशक व बागवानी महाविद्यालय के डीन प्रो. रमेश गोयल ने बस चालक-परिचालक का फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया।

### लोक अभियोजकों हेतु पुलिस प्रशिक्षण आरंभ

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के सरदार पटेल हॉल में 'महिला सुरक्षा' विषय पर लोक अभियोजकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज आरंभ हुआ। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 जनवरी तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ईकाइयों से लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं।

### अगस्त्य ने स्वर्ण,ईरा ने प्राप्त किया कांस्य पदक

**जींद।** विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रायपुर में आयोजित 40वीं में एनटीपीसी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा के छात्र अगस्त्य ने अंडर-17 वर्ग में 60 मीटर रिकवर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## पैनल एडवोकेट गांव-गांव पहुंचकर एनडीपीएस एक्ट की दें जानकारी

# नशा ग्रसित गांवों में लगाएं जाएं जागरूकता कैंपः अनीश यादव

डीसी ने एनकोर्ड की मासिक बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



**करनाल।** जिला सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त अनीश यादव। फोटो : हरिभूमि

डीसी अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में नारकोटिक्स समन्वय केंद्र (एनकोर्ड) की मासिक बैठक ली और कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई जिले में किसी भी सूरत में पनपने न दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस, स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, खेल विभाग, रेड क्रॉस सोसाइटी व नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी ज्वाइंट एक्शन प्लान के अनुसार नशा ग्रसित गांवों में जागरूकता कैंप लगाएँ और नशा से ग्रसित लोगों की पहचान करके नशा मुक्ति केंद्र में इलाज कराने के लिए प्रेरित करें। बैठक में उपायुक्त ने अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि उक्त विभागों के अधिकारियों की सुविधा के लिए ज्वाइंट एक्शन प्लान के अनुसार एक माह के लिए गांवों की सूची तैयार की जाए ताकि इन विभागों के अधिकारियों द्वारा नशे की रोकथाम के लिए गांवों में बेहतरीन तरीके से लोगों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वो केमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि नशा मुक्ति केन्द्रों की नियमित रूप से जांच की जाए और केन्द्रों में चैकलिस्ट भी लगाई जाए और इसकी एक प्रति अधिकारियों को भी उपलब्ध करवाई जाए ताकि सही तरीके से चैकिंग की जा सके। उन्होंने ड्रग कंट्रोल अधिकारी तथा सीएमओ को निर्देश दिये कि वो केमिस्ट की दुकानों पर रेड बढ़ाएं और कमी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाएं। इसके अलावा संदेहास्पद ड्रग सप्लायर की सूचना पुलिस को दें। बैठक के दौरान एनकोर्ड के सदस्य सचिव व जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने उपायुक्त अनीश यादव के समक्ष 6 एजेंडे रखे और संबंधित विभाग के अधिकारियों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला न्यायवादी डॉ. पंकज ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायालय में माह दिसम्बर 2023 के दौरान 20 मामलों का निपटारा किया गया।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम इन्द्री अशोक कुमार, एसडीएम असंध वीरेन्द्र ढुल, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, उप-सिविल सर्जन, ड्रग कंट्रोल अधिकारी विकास राठी, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सेवाओं का समय पर जनता को लाभ पहुंचाना करें सुनिश्चित : डीसी

- उपायुक्त ने लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की ली बैठक और दिए निर्देश

**करनाल।** उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और उनको निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं का समय पर जनता को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। इन सेवाओं में मुख्यतः आय प्रमाण -पत्र, जाति- प्रमाण पत्र तथा विवाह- पंजीकरण जैसी इत्यादि सेवाएं शामिल हैं। बैठक में उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर इंतकाल, डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा करें ताकि लोगों को तहसीलों में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े । इसके अलावा 47 ए के मामलों में रिकवरी करें, यदि कोई व्यक्ति रिकवरी जमा करवाने में आनाकानी करता है तो तुरन्त नोटिस दें, अगर फिर भी न मानें तो उसकी प्रॉपर्टी की नीलामी करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरप्लस व कस्टोडियन की जमीन से अवैध कब्जे भी हटवाएँ। उन्होंने सभी एसडीम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की 15 दिन में समीक्षा बैठक लें और राजस्व विभाग से सम्बन्धित सभी कार्यों की समीक्षा करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम असंध विरेन्द्र ढुल, एसडीएम इन्द्री अशोक कुमार, सीटीएम अमन कुमार, डीआरओ श्याम लाल तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।




**करनाल।** अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त अनीश यादव।



# जय श्री राम के जयघोषों से गूंज उठा जेबीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

550 वर्षों के संघर्षों के उपरान्त श्रीराम प्रभु टैंट से निकलकर अपने घर में विराजमान हो रहे हैं। कोठारी बन्धुओं और हज़ारों कारसेवकों के बलिदान के बाद वह शुभ बेला आगामी 22 जनवरी को आ रही है । जिस पर प्रत्येक हिन्दू गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि सबके आराध्य भगवान श्रीराम के पावन स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा आख़िरकार अयोध्या जी में सम्पन्न होने का दिव्य दिवस आज निश्चित हो चुका है। हम सब लोग इस सदी के उन सौभाग्यशाली लोगों में से हैं जिनकी आँखों के सामने यह सब हो रहा है और हम इतिहास बनने के साक्षी बनने जा रहे हैं । करनाल के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जेबीबी निवासी आकाश भट्ट ने उक्त वक्तव्य देते हुए आगे बताया कि जेबीबी ग्रैंड सोसायटी में आज श्री अयोध्या जी से आये हुए पवित्र अक्षत (पीले चावल) और पूज्य कलश के साथ यात्रा निकाली जा रही है । जिसमें पूरी सोसायटी में अक्षत वितरण किया जा रहा है और तत्पश्चात श्री गौरीशंकर मंदिर में पूज्य कलश की विधिवत रूप से स्थापना की जायेगी । उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विश्व हिन्दू परिषद ज़िला करनाल, जेबीबी की रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन और समस्त जेबीबी निवासियों के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है ।

**ये रहे मौजूद**

इस यात्रा में मुख्य रूप से सुरेश मदान, प्रेम भट्ट, विनीत ढींगरा, राजीव बिदानी, अनिल, पवन काम्बोज, विशाल गर्ग, विशाल भाटिया, शिव चुघ, विशाल सेठी, अमित, अरूण गुप्ता, विक्रांत जुनेजा, शिशिर अग्रवाल, विजय ढल, महेश खेत्रपाल, डॉ० बर्नवाल और मातृशक्ति से नीतू राय, ज्योति ढींगरा, अनुरीत, मीता बिदानी, आशा, रेज़िडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन की संयुक्त सचिव रेखा चुघ, वंदना चुघ, सोनिया मिगलानी, कंचन गर्ग, कीर्ति जुनेजा, चारू, चंचल सेठी, उपासना जैन, रीतु गौतम, एडवोकेट पारूल राणा सहित सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे ।

# जो बोले सो निहाल से गूंजी कर्ण नगरी

- गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकले नगरकीर्तन में आस्था मौसम पर भारी
- हड्डियों को कंपाने वाली सर्दी के बीच निकला नगरकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



2024 साल के पंद्रहवे दिन हड्डियों को कंपाने वाली सर्दी के बीच करनाल में गुरुगाविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज नगरकीर्तन निकला। आस्था मौसम पर भारी पड़ती दिखी। हालांकि बाद में धूप निकल आई। नगरकीर्तन के प्रति लोगों में उत्साह दिखाई दिया। । गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्ब के उपलक्ष्य में डेरा कारसेवा के प्रमुख्य जत्थेदार बाबा सुकखा सिंह जी की अगुवाई में नगर कीर्तन निकला गया। आज करनाल में राज करेगा खालसा बाकी बचा नहीं कोय, जग चानान होया जब प्रगटे गुरु गोबिंद सिंह जी और वाहे गुरु का खालसा वाहे गुरु की फतेह, के उदघोष से गूंज उठा। आज सुबह सर्दी के बीच गुरुद्वार डेरा कारसेवा कलंदरी गेट तथा गुरद्वारा मंजी साहिब से नगर कीर्तन शुरू हुआ नगरकीर्तन कर्ण गेट, कमेटी चौक, कुंजपुरा रोड, अस्पताल चौक, मॉडल टाउन , सेक्टर 12, निर्मल कुटिया चौक, सेक्टर 7 गुरुद्वारा, सेक्टर 6 के पीछे गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह मेरठ रोड, चौक, महाराणा प्रताप चौक होते हुए डेरा कारसेवा कलंदरी गेट पहुंचा। नगरकीर्तन में दशमेश अखाड़ा, बीर खालसा दल के नौजवानों ने गतका के माध्यम से जौहर दिखाया ।

### जरूरतमंद बच्चों के लिए लगाई विशेष कक्षा

**करनाल।** सामाजिक संस्था रॉबिन हुड आर्मी की ओर से लोहड़ी एवं मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेक्टर 32, के उधम सिंह चौक की झुग्गी झोपड़ी के 50 बच्चों के लिए विशेष कक्षा लगाकर उन्हें पढ़ाया गया और जागरूक किया गया। संस्था के शहरी प्रतिनिधि राज यादव ने बताया कि उनकी संस्था की ओर से हर रविवार को विभिन्न गतिविधियां की जाती हैं और साधन हीन बच्चों को शिक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करती है। इसके बाद रॉबिन हुड आर्मी के सदस्यों ने अकादमी के बच्चों, सडक और फुटपाथ पर जरूरतमंद लोगों को को भोजन वितरित किया। रॉबिन हुड आर्मी द्वारा किसी भी प्रकार का चंदा या आर्थिक दान नहीं लिया जाता है। उन्होंने शहर के लोगों, होटल और रेस्टोरेंट मालिकों से अपील करते हुए कहा कि शादी समारोह, किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में जो अतिरिक भोजन बच जाता है कृपया उसको फेंके नहीं सिर्फ हमारी टीम को (9149218875) कॉल करें।

# लोहड़ी एवं मकर सक्रांति का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा



भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा अपने कार्यालय मां भारती भवन पर लोहड़ी एवं मकर सक्रांति के पावन पर्व को हर्षोल्लास के साथ परिषद् परिवार के संग मनाने का कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता प्रकल्प प्रमुखों की तत्परता और कोर बॉडी के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता और स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् से किया गया।इस अवसर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला जी ने परिषद् परिवार के सभी सदस्यों को लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी और दोनो पर्वों के महत्व बताते हुए सभी सदस्यगण को नव निर्मित परिषद् भवन से रूबरू करवाया तदोपरान्त सभी सदस्यगण द्वारा लोहड़ी का पर्व नाच गाकर कविताएं सुनाकर बड़े ही सुन्दर और सुनियोजित ढंग से मनाया गया परिषद् परिवार के सभी सदस्यों ने परिषद् भवन पर किए गए इस कार्यक्रम की शाखा अध्यक्ष प्रकल्प प्रमुख पूरी कोर बॉडी टीम की एवं परिषद् भवन की सराहनीय प्रशंसा की।इस सुंदर कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख सुशील शर्मा दीपक शर्मा एवं हरीश गर्ग रहे ।इसके अलावा इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता सह सचिव राकेश चुघ पूर्व अध्यक्ष चांद पहल पूर्व अध्यक्ष राजेश गर्ग प्रदीप चौपड़ा सुजीत कुमार आशीष गुप्ता अनिल ठकराल एवं महिला शक्ति अन्य सदस्यगण सहित गणमान्य व्यक्ति रहे।

### सूर्य मंदिर में खिचड़ी का प्रसाद बांटा



**करनाल।** मकर सक्रांति के अवसर पर सूर्य मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से शाम तक पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। छठ पर्व सेवा समिति मंडल की ओर से खिचड़ी का प्रसाद बांटा गया। इससे पहले मंडल की मीटिंग हुई, जिसमें समिति को मजबूत करने तथा सदस्यता अभियान चलाने को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने अपने सुझाव रखें, जिनमें से कई सुझावों को मौके पर मंडल की ओर से स्वीकार किया गया। आय-व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता ने शिरकत की। सर्वमनोकामना सिद्धि हवन यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में संजीव कुमार परिवार सहित शामिल हुए। मेयर ने सभी को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए भगवान सूर्य देव से सबके मंगलमय जीवन की कामना की।

# नीलोखेड़ी से शुरू किया कांग्रेस ने अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

- पूरे हल्के में घर घर कांग्रेस के तहत दस्तक देना लक्ष्य :

हरियाणा में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत आज पुरे प्रदेश में की गई है व इसी कड़ी में नीलोखेड़ी में भी यह अभियान शुरू किया गया है उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व वैध पीसीसी डेलीगेट प्रोफेसर राजेश ने अपने कार्यालय पर अपने समर्थको को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा की हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 15 जनवरी से हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान शुरू किया गया है। जिसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचाना है। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब च्हर घर कांग्रेस अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा।



कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस अपने वादे निभाने के लिए जानी जाती है जबकि बीजेपी वादे तोडऩे के लिए। राजस्थान में □500 सिलेंडर की घोषणा से बीजेपी मुकर गई है। आज हरियाणा समेत पूरे देश में महंगाई और असमानता का माहौल है। हरियाणा के युवा देश से पलायन करने को मजबूर हैं। बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### नगर निगम क्षेत्र में आयोजित होंगे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**निगमायुक्त की अपील- अधिक से अधिक नागरिक सरकार की प्रमुख योजनाओं का लें लाभ**

**करनाल।** भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रमुख योजनाओं/स्कीमों का लाभ समयबद्घ तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए नगर निगम करनाल क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार से शुरू होने जा रही है। इसके तहत मंगलवार को दो अलग-अलग वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम वार्ड नम्बर 11 के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, मॉडल टाऊन में आयोजित होगा। इसका समय प्रातः 10 बजे का रहेगा। दूसरा कार्यक्रम वार्ड नम्बर 9 में स्थित सामुदायिक केन्द्र, सैक्टर-7 में आयोजित किया जाएगा। इसका समय दोपहर 2 बजे का रहेगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त के अतिरिक्त बुधवार को भी शहर के दो अलग-अलग वार्डों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम वार्ड नम्बर 8 में स्थित सामुदायिक केन्द्र, सैक्टर-6 में आयोजित होगा। इसका समय प्रातः 10 बजे का रहेगा। दूसरा कार्यक्रम वार्ड नम्बर 10 में स्थित सामुदायिक केन्द्र, सैक्टर-13 में आयोजित किया जाएगा। इसका समय दोपहर 2 बजे का रहेगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य, नागरिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके द्वार पर ही मुहैया करवाना है, ताकि कोई भी लाभार्थी सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे और पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी इनका लाभ मिल सके।

# क्षमता के अनुसार जरूरतमंदो की मदद करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विधायक हरविंद्र कल्याण ने अपना जन्मदिन बड़ी सादगी के साथ गौशाला में अपने परिवार व सहयोगियों के साथ मनाया। गौशाला में हवन यज्ञ कर शहर की सुख शांति की कामना की। इसी के साथ विधायक कल्याण ने गऊ माताओं को चारा भी खिलाया। विधायक ने गौशाला में लगभग 18 लाख 21 हजार का चेक भी गौशाला के पदाधिकारियों को सौंपा।

विधायक कल्याण ने कहा कि गऊ माता की सेवा से बड़ा कोई परोपकार नहीं है। बता दे कि 15 जनवरी को विधायक हरविंद्र कल्याण का जन्मदिन होता है ओर उन्होंने इस बार जन्मदिन सादगी से गऊ शाला में मनाने का फैसला लिया। विधायक कल्याण सोमवार को अपने परिवार के साथ गौशाला में पहुंचे ओर गौशाला में सफाई अभियान चलाया।विधायक कल्याण के गौशाला में पहुंचने पर उनका गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर उनको जन्मदिन की शुभकामनायें दी। साथ ही हवन यज्ञ कर पूर्ण आहुति डाली। बाद में भगवान श्री कृष्ण के मंदिर में पूजा अर्चना कर पुरे विधानसभा क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की। विधायक हरविंदर कल्याण ने गौशाला में लाख का चेक देने पर प्रदेश मुखयमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया ओर कहा कि प्रदेश सरकार गौशालाओ के रख रखाव व उनको विकसित करने का प्रयास कर रही है।



**घरौंडा।** विधायक हरविन्द्र कल्याण गऊशाला में गऊओं की सेवा करते,ओर गऊशाला में पदाधिकारी



**करनाल।** छात्रों को हेलमेट पहनाकर जागरूकता संदेश देते प्राचार्य

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल किया जागरूक

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज की एनएसएस ईकाई की ओर से कॉलेज में 11 जनवरी से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों के साथ-साथ आम जन को भी जागरुक किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली को कॉलेज के प्रिसिंपल डॉ रामपाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयं सेवकों द्वारा निकाली गई रैली कॉलेज से चलकर डॉ भीम राव अम्बेडकर चौक से बस स्टैंड होते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

## 16 जनवरी से 22 जनवरी तक रहेगा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम

# मां अन्नपूर्णा धाम मे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम आज से

तरावड़ी ▶▶| राजकुमार खुराना

पिछले कई दिनों से मां अन्नपूर्णा धाम में श्री हनुमान सेवा समिति रजिस्टर तरावड़ी की ओर से आश्रम में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को लेकर तैयारी चल रही थी आखिर आज वह दिन आ गया। जिसके कार्यक्रम आज से शुरू हो रहे हैं। श्री हनुमान सेवा समिति तरावड़ी की ओर से 16 फरवरी से लेकर 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। श्री हनुमान सेवा समिति के पदाधिकारी ने बताया की 16 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह



**करनाल।** समिति के सरंक्षक व पदाधिकारी मन्दिर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम मे

8:00 बजे से लेकर लगभग 10:30 बजे तक गणेश पूजन श्री देव पूजन श्री विग्रह पूजन एवं जलधिवास होगा। जिसमें हनुमान सेवा समिति के सभी सदस्य सपरिवार मुख्य यजमान होंगे। पूजा अर्चना के पश्चात इस कार्यक्रम में सायं 3:30 बजे से लेकर 6:00 बजे तक महामंडलेश्वर स्वामी अद्वैत स्वरूप महाराज जी अपने प्रवचनों से आई संगत को प्रभु चरणों से जोड़ेंगे। उसके तत्पश्चात 6:00 बजे के बाद महाआरती, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन होगा। इसी तरह 17 जनवरी को देवी सुदीक्षा सरस्वती जी रामायणी 3:30 बजे प्रवचन करेंगे। जिसमें कुरुक्षेत्र के विधायक सुभाष सुधा, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, श्री राम राइस यूनिट के मालिक साधु राम सिंगला, गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी विनोद गोयल, उद्योगपति ईश्वर चंद्र गोयल एवं मुकेश गोयल मुख्य यजमान भाग लेगें।



**करनाल।** आश्रम मे बने भव्य गुंबद व भंडारा ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि



**करनाल।** कार्यक्रम मे प्रवचन करने वाले महामंडलेश्वर साधु संत। फोटो : हरिभूमि

### साध्वी करुणा गिरी 20 को करेंगे प्रवचन

समिति के प्रधान अमन शर्मा ने बताया कि 20 जनवरी को परम पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बाल योगिनी साध्वी करुणा गिरी जी महाराज प्रवचन करेंगे। तत्पश्चाप शाम को आरती पूजन एवं भंडारा वितरण किया जाएगा। 21 जनवरी को श्री विकास दास जी महाराज सान्निध्य में दोपहर 12:30 बजे से श्री विग्रह नगर परिक्रमा महोत्सव एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी और 22 जनवरी को सुबह करीब 8:00 बजे से श्री देवाय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति के प्रधान ने बताया कि शहर के सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी को निमंत्रण पत्र दिए गए हैं इसके अलावा भी शहर के सभी लोगों को निमंत्रण दिया जाता है कि वह इस कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य के भागी बने। गत दिवस सोमवार को कार्यक्रम से पूर्व मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। जो ध्वजारोहण किया गया उसकी ऊंचाई लगभग 81 फीट है। आज से मकर संक्रांति के पर्व पर मां अन्नपूर्णा आश्रम शंकर भगवान जी के मांगलिक कार्य आरंभ हो गए हैं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक लाल साधुराम सिंगल बालकिशन त्रिपाठी व श्री हनुमान सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जनसहयोग से हो रहा है विकास

**पानीपत।** पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांढा ने कहा कि देश को बनाने में ग्रामीणों का विशेष योगदान रहेगा। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयास से विकास मे कीर्तिमान स्थापित कर रहा है । उन्होंने ग्रामीणों से लोकल उत्पादों को खरीद का आह्वान किया। सभी ग्रामीणों से देश को विकसित बनाने का संकल्प दिलाया व अपना योगदान देने का आह्वान किया। वे सोमवार को गांव ददलना में आयोजित विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

### भारत बन रहा है विश्व शक्ति

**पानीपत।** विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद का गांव चुलकाना और छदीया यूसूफपुर में पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। चुलकना में भाजपा नेता संजय छोक्कर और छदीया में कुलदीप कौशिक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि यह नया भारत मोदी की गारंटी का भारत है। नया भारत केंद्र सरकार की हर योजना का लाभ बिना किसी भेदभाव के देने की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासी नए भारत के गवाह बन रहे हैं जो सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है।

### रॉयल क्वीन क्लब का कैंप लगाया

**पानीपत।** राजकीय माध्यमिक स्कूल अजीजुलापुर में रॉयल क्वीन क्लब द्वारा तीन दिवसीय कैंप लगाया गया। कैंप में कुकिंग क्लास की रूही बरेजा द्वारा सेल्फ ग्रुमिग अरवी सुरी और व्यक्तिगत व्यवस्था शिवानी द्वारा क्लास ली गई। इस अवसर पर रॉयल क्वीन क्लब की फाउंडर ज्योति आहूजा, प्रधान कर्म अदलखा, सदस्य सोनाली, रेखा वर्मा, प्रियंका, वीणा मेहता, सपना व प्रिंसिपल रामकरण भी उपस्थित रहे। वहीं क्लब की ओर से स्कूल की छात्राओं को उपहार भी दिए गए।

### नगर कीर्तन का स्वागत किया

**पानीपत।** श्री गुरु गोविंद जी के प्रकाश पर्व पर एक नगर कीर्तन निकला गया जो बिचपड़ी गुरुद्वारे से चलकर अंसल, सेक्टर 13-17, 18 से होता हुआ वापस गुरुद्वारे पहुंचा। जिसमें अंसल में दर्जनों जगह पर नगर कीर्तन का स्वागत किया गया। वहीं सेक्टर 13-17 में डिप्टी मेयर सुभाष बठला के निवास स्थान पर नगर कीर्तन का स्वागत किया। सभी को सरोपे देकर सम्मानित किया गया तथा लंगर लगाया गया।

### ट्री ऑफ रेमेम्ब्रांस आयोजित

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में संस्कारशाला क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, एनसीसी, एनएसएस इकाई द्वारा मनाए जा रहे 35वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत साोमवार को ट्री ऑफ रेमेम्ब्रांस का आयोजन किया गया। कॉलेज के गर्ल्स विंग में एक वृक्ष का चयन किया गया। जिसके ऊपर रोड सेफ्टी से संबंधित सेफ्टी सिंबल्स को लटकाया गया ताकि आते जाते विद्यार्थी उस वृक्ष पर लगे यह सिंबल को देख सकें एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर सकें। इस वृक्ष को तैयार कराने में प्रो.पूजा, प्रो.नीरू का खास योगदान रहा।

### आईबी कॉलेज में सेना दिवस मनाया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में एनसीसी विंग द्वारा राष्ट्रीय आर्मी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने बताया कि हर वर्ष 15 जनवरी को राष्ट्रीय आर्मी दिवस मनाया जाता है क्योंकि इस दिन पूर्व फील्ड मार्शल केएम करियप्पा पहले भारतीय सेना जनरल बने थे। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स ने परेड की तथा हमारे बहादुर सैनिकों को नमन किया।

### डीपीसी समग्र शिक्षा ने बैठक की

**पानीपत।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देश अनुसार जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2024 में समग्र शिक्षा विभाग द्वारा अपनी उपलब्धियों और योजनाओं की झांकी निकली जानी है। जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा पानीपत अनिता डागर ने अधिकारियों और कर्मचारियों की मीटिंग ली।

---

पानीपत में 21 को निकलेगी शोभा यात्रा

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पानीपत होगा राममय

सभी संस्थाएं आई एक मंच पर, होगा भव्य कार्यक्रम, दिवाली की तरह सजेगा पानीपत, लाइटिंग की होगी पूरी व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




**पानीपत।** जिला सचिवायल में बैठक करते हुए सांसद गण व प्रशासनिक अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर पानीपत में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा। यह शोभा यात्रा 21 जनवरी की शाम को जीटी रोड पर आयोजित होगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस शोभा यात्रा में शामिल हो अपना शुभ संदेश भी देंगे। सोमवार को जिला सचिवालय में पानीपत की सभी धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएं इस भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने को एक मंच पर आई जिसमें मुख्य रूप से करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज,भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने सभी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर संस्थाओं के समक्ष गहन मंथन किया। वहीं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सभी संस्थाओं को आश्वस्त किया कि प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर निकलने वाली इस शोभायात्रा में जिला प्रशासन हर तरह सहयोग प्रदान करेगा और किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। कानून व्यवस्था संभालने के लिए विभिन्न ड्यूटी मजिस्ट्रेट और नोडल अधिकारी भी लगाए जाएंगे। यही नहीं जगह-जगह एम्बुलेंस भी तैनात होंगी और मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा।

#### जीटी रोड पर निकलेगी शोभायात्रा

*शोभायात्रा स्काईलार्क से शुरू होकर डेरा बाबा जोध सचियार पर समाप्त होगी। करीब अढ़ाई किलोमीटर के इस पैच को पूरी तरह से वाहनों के लिए ब्लॉक किया जाएगा और इस पर अयोध्या के श्री राम मंदिर का स्वरूप रथ पर स्थापित कर लाया जाएगा। यही नहीं विभिन्न संस्थाएं भी इसमें पूर्ण रूप से भाग लेंगी।*

#### राहगीरी थीम पर लगेंगे विभिन्न स्टॉल

*जीटी रोड पर सर्विस लेन पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से स्टॉल भी लगाई जाएंगी। जिनमें पानी, चाय, पुष्प वर्षा व अन्य सेवा भी संस्थाओं की ओर से की जाएगी। पुल के नीचे जगह-जगह पर विभिन्न छोटे-छोटे मंच भी बनाए जाएंगे। जिनमें कीर्तन, भजन एवं धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चलेंगे। इस बैठक में एडीसी वीना हुड्डा, जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, नगराधीश राजेश कुमार सोनी के साथ-साथ विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष और सैकड़ो की संख्या में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।*

---



**पानीपत।** लायंस क्लब की पदाधिकारीगण कंबल वितरण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

# लायंस क्लब ग्रेटर ने निर्धनों को कंबल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

लायंस क्लब ग्रेटर द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर पानीपत पूर्वांचल समिति के सदस्यों के साथ मिल कर जरूरतमंद परिवार वालों को सहायतार्थ कंबल बांटे। वहीं पूर्वांचल समाज के लोगों ने मकर संक्रांति पर पारंपरिक दही, चुरा व गुड का भंडारा लगाया। भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जबकि लायंस क्लब जोन की जिला प्रधान वीना गोयल ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को सर्दी से बचाने के लिए समाजिक कार्यक्रम के तहत सहायतार्थ कंबल बांटे गए। वहीं समाज के सभी सक्षम वर्ग के लोगों को भी जरूरतमंद नागरिकों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। जबकि क्लब की प्रधान डॉ कालिंदी ने कहा कि क्लब अनेक वर्षो से जरूरतमंद परिवारों की सहायता कर रहा है। वहीं मकर संक्रांति के पावर अवसर पर निर्धन वर्ग को एक हजार कंबल बांटे गए और दान का यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्वांचल समिति के वरिष्ठ सदस्य पीएन सिंह, अवदेश यादव, पप्पू यादव, अमित के अतिरिक्त लायंस क्लब की लायंस नीलम अग्रवाल, लायंस शोभा सिंगला, लायंस किरण अग्रवाल, लायंस शिवा गोयल, लायंस रमा गोयल, पूर्वांचल समाज के मीडिया प्रमुख चंदन चौहान, उपाध्यक्ष अमित सिंह, पप्पू शर्मा, पूर्व पार्षद अवधेश यादव, हरि पटेल, सुशील ठाकुर, मारकंडे यादव, रमेश चौधरी, विजेंद्र यादव, अनिल पांडे, अमरीश सिंह, डा.गौरव श्रीवास्तव, डा. संजीव कुमार आदि सदस्य मौजूद रहे।

---

# पानीपत को विकसित नगर बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विधायक प्रमोद विज विकास कार्यों का शिलान्यस करते हुए। फोटो :हरिभूमि

पानीपत शहरी विधानसभा के वार्ड 17 में 60 लाख की लागत से 03 पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं परशुराम धर्मशाला का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। 22 लाख की लागत से वार्ड के बाला जी पार्क, ज्वाला जी पार्क एवं भगवती पार्क का सौन्दर्यीकरण किया। शिलान्यास करने के लिए कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय जनों ने पुष्प मालाएं पहना कर स्वागत किया एवं विकास कार्य हेतु विधायक का आभार व्यक्त किया। वार्ड 17 में ही विधायक ने परशुराम धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास भाजपा पानीपत के कार्यकर्ताओं के साथ किया। विधायक ने स्थानीय जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार प्रदेश का विकास निरंतर कर रही है एवं प्रदेश के लोगों का जीवन सुगम एवं बेहतर बनाने हेतु अग्रसर है। वहीं पानीपत को विकसति नगर बनाने में वे कोई कमी नहीं छोडेंगे। मंडल अध्यक्ष सुनील कंसल, महामंत्री राजेश भारद्वाज, बलवान सरोहा, वार्ड के पूर्व पार्षद जसमेर शर्मा जी एवं समस्त सम्मानित जन मौजूद रहे।

---

# कराटे में परमजीत व आरती ने जीते स्वर्ण पदक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाडी।

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित इंटर कॉलेज कराटे चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने 8 मेडल जीत कर कॉलेज नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि कुरूक्षेत्र में इंटर कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन करवाया गया था। जिसमें आर्य कॉलेज के खिलाड़ियों ने दो गोल्ड, दो सिल्वर व चार ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अपने कॉलेज और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि आर्य कॉलेज के बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र परजीत व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आरती ने कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, बीसीए प्रथम वर्ष के पुष्पम व वंदना ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। वहीं बीकॉम प्रथम वर्ष के अमन, बीएएमसी द्वितीय वर्ष के प्रीतम, बीए तृतीय वर्ष की माफी व बीवीएफ डी द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। डॉ.गुप्ता ने बताया कि परमजीत,आरती,पुष्पम व वंदना का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कैंप के लिए भी हुआ है। साथ ही उन्होंने आज सभी विजेता खिलाडियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, प्राध्यापक डॉ.राजेश, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर व सुनील कुमार को इस सफलता के लिए बधाई दी।

---



**पानीपत।** इनसो नेता बलराज देशवाल आदि डीआई को ज्ञापन देते हुए।

### देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में चलाई जाएं बसें : देशवाल

**पानीपत।** *जजपा के छात्र संगठन इंडियन नेशनल स्टूडेंट ऑग्रेरनाइजेशन यानि इनसो के छात्र नेता बलराज देशवाल और इनसो राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र जैलदार के नेतृत्व में छात्रों ने देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज हुडा सेक्टर 18 में विद्यार्थियों की बसों की समस्या को लेकर पुराने बस अड्डे पर डीआई को रोडवेज ड्यूटी आफिस में ज्ञापन सौंपा तथा राजकीय कॉलेज में बसें चलाने की मांग की। इनसो नेताओं ने बताया की देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज के छात्र छात्राओं को कॉलेज आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विद्यार्थियों को कॉलेज से पैदल टोल टैक्स जीटी रोड जाना पड़ता है जबकि वहां भी कई-कई घंटे छात्र टोल टैक्स पर खड़े रहते हैं। इसके बाद भी बसों के चालक-परिचालक बसों की खिडकियों को नहीं खोलते। जिससे छात्रों को आटों में पैसे देकर जाना पड़ता है। इस अवसर पर अभय सिंह, अंकुश, जितेंद्र शर्मा, प्रदीप घणघस, सुमित खर्ब व बादल आदि छात्र मौजूद रहे।*

---

# न्यू रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब मनाएगा दीवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** न्यू राम कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के सदस्य बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

न्यू रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब, राम नगर, तहसील कैंप की स्टेज पर 22 जनवरी को सांय 8 बजे से श्री राम राज तिलक किया जाएगा और दीवाली को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह होगा श्री राम के अपने घर में विराजमान होने के उपलक्ष्य में। इस अवसर को और भी खूबसूरत बनाने के लिए पानीपत की प्रमुख रामलीला न्यू रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब के सभी पदाधिकारियों, कलाकारों और सदस्यों ने एक बार पुनः इस दिन स्टेज पर भरत मिलाप व श्री राम राज तिलक करने और दीपावली मनाने का निर्णय किया है। इस निर्णय का सभी स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है । आगामी 22 जनवरी को एक बार पुनः स्टेज पर लाईटिंग की जाएगी और श्री राम राज तिलक किया जाएगा। जो भी कलाकार पहले ये भूमिकाएं अदा करते हैं, वही कलाकार एक बार फिर से पूरी ड्रैस और मैकअप में पहुंचेगें। हनुमान स्वरूपों को भी निमं9ण भेज दिए गए हैं।

### ट्रैक्टर यात्रा निकालने का लिया निर्णय

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक का.शिव वर्मा समाज भवन गीता कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान डॉ. सुरेंद्र मलिक ने की और संचालन जिला सचिव राजपाल ने किया। अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सहसचिव मनोज कुमार ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा एवं राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन के संयुक्त आह्वान पर 26 जनवरी को देश के संविधान, आजादी, एकता व अखंडता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संकल्प लेते हुए ट्रैक्टर परेड देश के तमाम राज्यों के जिला मुख्यालय पर सरकारी कार्यक्रम खत्म होने के बाद किया जाएगा।

---

# देश की एकता व अखंडता को संजोने की शपथ ली

- एसडी कॉलेज में एनसीसी यूनिट ने थल सेना दिवस शौर्य और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में थल सेना दिवस मनाते हुए एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की एनसीसी यूनिट ने थल सेना दिवस शौर्य और देशभक्ति के जज्बे के साथ मनाया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेमीनार, परेड के आयोजन के साथ-साथ कैडेट्स ने प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और कॉलेज एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. बलजिंदर सिंह की अगुआई में देश की एकता और अखंडता को संजोने की शपथ उठाई। लेफ्टिनेंट डॉ. बलजिंदर सिंह ने सेमीनार के माध्यम से कैडेट्स को थल सेना दिवस के महत्व और इसे कैसे मनाया जाता है के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने थल सेना में व्याप्त रोजगार के अवसरों और योग्यताओं पर भी कैडेट्स के साथ विस्तृत चर्चा की। इस वर्ष के थल सेना दिवस का थीम देश की सेवा है और इसे दिल्ली की जगह लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मनाया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद कुमार प्रशासनिक अधिकारी 12 हरियाणा एनसीसी बटालियन सोनीपत ने अपने संदेश में कहा कि थल सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थल सेना की वीरता, अदम्य साहस, शौर्य और कुर्बानी की दास्तान को बयान करता है। प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, डॉ. एसके वर्मा, डॉ. मुकेश पुनिया, डॉ. राकेश गर्ग, प्रो. मनोज कुमार, दीपक मितल, चिराग सिंगला मौजूद रहे ।

---



### मजदूरों को कंबल बांटे

**पानीपत।** मकर क्रांति पर आर्ट ऑफ लिविंग पानीपत चैप्टर द्वारा जाटल स्थित ईंट भट्टों के मजदूरों में कंबल वितरित किए गए। वहीं श्रमिकों को समोसे, मूंगफली, रेवड़ी व कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान, वॉलिंटियर्स अनिता खुराना, विपिन, विक्रांत शर्मा, विद्या शर्मा, शांति देवी, जोगिंद्र, प्रवीण, प्रीति कालड़ा, रितु खुराना, अमिता खंडूजा, सिम्मी कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

### भाजपा का जाना तय : चाणक्य

पानीपत। कांग्रेस पार्टी के आज से शुरू हुए घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत महीपाल सूबेदार ने कांग्रेसी नेता चाणक्य पंडित के साथ पानीपत ग्रामीण की कॉलोनियों में जनसभाएं की। वहीं चाणक्य ने दावा किया कि लोकसभा व विधानसभा चुनाओं में भाजपा का जाना तय है। इस मौके पर धर्मपाल कौशिक, शमशेर वाल्मीकि, विशंभर गुर्जर, सुधीर शर्मा, विजय शर्मा, सुमित जोगी, डॉ. प्रेम सागर, टिंकू जोगी, डॉलर विडान, पीला राणा, राममेहर शर्मा, मा. वीर बहादुर, मुकेश जोगी, सतपाल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस की सरकार बननी तय

**पानीपत।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार से पूरे प्रदेश में शुरू किए गए घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान का शुभारंभ पानीपत ग्रामीण हलके की अशोक विहार कॉलोनी से पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिजेंद्र सिंह बिल्लू द्वारा किया गया। वहीं बिल्लू ने दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बननी तय है। इस अवसर पर प्रदीप ठुकराल, राजपाल, श्यामलाल, जयसिंह, शमीम, रामचंद्र, लीलावती, यशपाल, रोशन लाल, इंद्रपाल, करण सिंह, प्रवीन शर्मा, विनोद, जिले सिंह रोड,. महीपाल आदि लोग मौजूद रहे।

---

त्यौहार | प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने आहुति डालकर की सभी के लिए मंगल कामना

# मकर संक्रांति पर्व पर आर्य कॉलेज में यज्ञ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** मकर सक्रांति पर्व पर यज्ञ करते हुए प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता आदि।

आर्य पीजी कॉलेज में मकर संक्रांति के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पानीपत। आर्य पीजी कॉलेज में मकर संक्रांति के अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने सभी को मकर संक्रांति की बधाई दी और सभी को संबोधित करते हुए बताया कि मकर सक्रांति हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है। यह त्योहार, सूर्य के उत्तरायण होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल एक ही तारीख 14 जनवरी को ही मनाया जाता है। जब सूर्य उत्तरायण होकर मकर रेखा से गुजरता है। हालांकि की कई बार यह त्योहार 13 या 15 जनवरी को भी मनाया जाता है पर ऐसा बहुत ही कम ही होता है। डॉ. गुप्ता ने मकर संक्रांति के महत्व के बारे में बताया कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में मकर संक्रांति के पर्व को अलग-2 तरह से मनाया जाता है। आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में इसे संक्रांति कहा जाता है और तमिलनाडु में इसे पोंगल पर्व के रूप में मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इस समय नई फसल का स्वागत किया जाता है। वहीं असम में बिहू के रूप में इस पर्व को उल्लास के साथ मनाया जाता है। आर्य समाज बडा बाजार,पानीपत के प्रधान अजय गर्ग ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म में मकर संक्रांति त्योहार का बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि सूर्य के उत्तरायण होने के बाद से देवों की ब्रह्मामुहूर्त उपासना का पुण्यकाल प्रारंभ हो जाता है। इस काल को ही परा-अपरा विद्या की प्राप्ति का काल कहा जाता है।

**खबर संक्षेप**

### गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एनएसएस कैंप का समापन हो गया। वालंटियर्स ने अंतिम दिन एनएसएस गीत के साथ इसकी शुरूआत की। कमेटी प्रधान सरदार दीदार सिंह व कॉलेज स्टॉफ के साथ दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया। नरेंद्र शर्मा ने वालंटियर्स को प्राथमिक चिकित्सा पर व्याख्यान दिया। बताया कि किस प्रकार हम दुर्घटना के समय घायल व्यक्ति कों अपनी सहायता दें सकते हैं।

### आज सुनी जाएंगी बिजली शिकायतें

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। निगम के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित जिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ उन पर यहां सुनवाई होगी।

### हमला कर 25 हजार रुपये की नकदी छीनी

**अंबाला।** दुकान पर जाते समय दुकानदार पर हमला हो गया। हमलावर 25 हजार रुपये छीनकर फरार हो गया। दुकानदार के सिर और आंख पर गंभीर चोट आई है। पीजीआई चंडीगढ़ में डॉक्टरों ने छाबड़ा की आंख का ऑपरेशन किया। ऋषि छाबड़ा ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत में बताया कि शाम करीब 8:30 बजे उसके पिता दुकान बंद कर हुसैनी रोड पर अपने घर जा रहे थे। जब वह घर के नजदीक पहुंचे तो पीछे से किसी ने उनके सिर पर 3-4 वार किए, जिस कारण पिता जमीन पर गिर गए।

### सरकारी कॉलेज की छात्राओं ने किया योग

**अंबाला।** गवर्नमेंट कॉलेज अंबाला छावनी की महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा छह दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षिक एकता डांग संस्थापक, संकल्प योग केंद्र कार्यशाला की रिसोर्स पर्सन थी। कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य संजय शर्मा के नेतृत्व में किया गया । छह दिवसीय योग कार्यशाला के दौरान योग प्रशिक्षिक एकता डांग ने योग की विभन्नि तकनीकों का प्रदर्शन किया। स्वस्थ मानव शरीर के लिए योग और संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया।

### रोजगार मेले का आयोजन आज

**अंबाला।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में समग्र शिक्षा कीआओर से मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा की अगुवाई में आयोजित होने वाला रोजगार मेला राजकीय आदर्श संस्कृति वमपि पुलिस लाइन में होगा। इसमें जिले के राजकीय वद्यिालयों से एनएसक्यूएफ घटक के तहत 2022-23 सत्र के 12वीं पास छात्र भाग लेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर ने बताया कि रोजगार मेले में नौकरियों की पेशकश करने वाली कंपनियों एवं अन्य नियोक्ताओं को पत्र से सूचित किया जा चुका है।

## योगा फेडरेशन व आयुष विभाग डिस्पेंसरी में करेगा सेवाएं बहाल

# आयुर्वेदिक औषधियों से होगा लोगों का उपचार : शशिकांत

**योगा फेडरेशन व आयुष विभाग की ओर से डिस्पेंसरी में की जाएंगी सेवाएं बहाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

योगा फेडरेशन ने आयुष विभाग के साथ मिलकर एक आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया है। डिस्पेंसरी स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क प्रदान करने का उद्देश्य रखती है। इस डिस्पेंसरी का उद्घाटन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा द्वारा किया गया। शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योगा फेडरेशन का समाज के लिए यह एक महत्वपूर्ण व साकारतमक कदम है। इसके माध्यम से योगा फेडरेशन योग के अतिरिक्त आयुर्वेदिक चिकत्सिा भी जनता को मुफ्त में उपलब्ध कराएगी। प्रधान राजेंद्र विज ने बताया कि यह आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी योगा फेडरेशन व नए वेलनेस सेंटर, लाल कोठी, हाउसिंग बोर्ड में खोली गई है। चिकत्सिालय में डॉक्टर दीपा जैन और योगा फेडरेशन के डॉक्टर राजेश गहलोत नाड़ी विशेषज्ञ फ्री इलाज करेंगे।


**अंबाला।** डिस्पेंसरी के उद्घाटन पर योगा फेडरेशन के कपिल विज का अभिनंदन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

यहां पर विभिन्न आयुर्वेदिक औषधिया और उपचारों की व्यवस्था फ्री की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के लिए इस वेलनेस सेंटर में मसाज और स्टीमबॉथ, जल नीति और पंचकर्म से भी लोगों का इलाज वीरवार से शुरू किया जाएगा। कुछ ही महीनों में योगा फेडरेशन के सेंटर के वेलेंस सेंटर से लोगों का इलाज की लिए फिजियोथेरेपी सेंटर भी कुछ चार्जेस के साथ शुरू किया जाएगा। योग फेडरेशन की कार्यकारी प्रधान सुनीता अरोड़ा ने बताया कि फैडरेशन इस अद्वितीय पहले योग के माध्यम से समाज के सामरिक, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहन देने का संकल्प लेती है। योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा के महत्वपूर्ण सिद्वांतों को बढ़ावा देकर, योग फेडरेशन एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायता करेगी।

**ये रहे मौजूद**

योगा फेडरेशन की सचिव कमलप्रीत कौर ने बताया कि वीरवार से यहां पर योग फैडरेशन द्वारा एक मसाज सेंटर एवं स्टीम बाथ की सुविधा भी लोगों को जो उपलब्ध होगी वह पुरुषों के लिए यह सुविधा सुबह 8 से 11 और शाम को 4 से 7 बजे तक उपलब्ध होगी। महिलाओं के लिए 11:00 से लेकर शाम 4:00 बजे तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ' इस मौके पर योगा फेडरेशन के उप प्रधान नीरज जैन ,अश्विनी जैन ,नरेश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष लोकेश दत्त, राजेश, शंकर कपूर ,रविंदर धीमान ,अश्विनी बग्गा ,नीरू अग्रवाल , अंजली, सीमा लखनपाल, ब्रिज लाल विग, आदि उपस्थित थे।

## इमिग्रेशन मेडिकल एग्जामिनेशन सेंटर पारस में शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंडीगढ़

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के वीजा आवेदकों के लिए हरियाणा के पहले इमिग्रेशन मेडिकल एग्जामिनेशन सेंटर का आज पारस हेल्थ, पंचकूला में शुभारंभ हुआ। इस सेंटर से ट्राइसिटी, हरियाणा और हिमाचल से विदेश जाने की इच्छा रखने वाले विशेषकर छात्रों को लाभ होगा।इस अवसर पर पारस हेल्थ ग्रुप के एमडी डॉ. धरमिंदर नागर और सीओओ डॉ. सैंटी साजन , जोनल डायरेक्टर डॉ. जतिंदर अरोड़ा, एजीएम-सेल्स एंड मार्केटिंग सोहन सिंह मौजूद थे।सेंटर सभी विशिष्टताओं के साथ विशेषज्ञ पैनल चिकित्सकों और रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध होंगे। लोकम फिजिशियन डॉ. राजेश गेरा और डॉ. सुमित जैन, वरिष्ठ लोकम रेडियोलॉजिस्ट डॉ. सुनील सांगा और लोकम रेडियोलॉजिस्ट शालीन राणा सहित विशेषज्ञों का पैनल सेंटर में सेवाएं प्रदान करेगा। सेंटर वीजा मेडिकल आवेदकों के लिए परेशानी मुक्त और त्वरित वीजा मेडिकल एग्जामिनेशन प्रदान करेगा।



**चंडीगढ़।** सेंटर का शुभारंभ करते। *फोटो: हरिभूमि*

## बुराइयों को स्वाहा करने का संकल्प

- मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ में बहनों ने डाली आहुतियां
- सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में सोमवार को लोहड़ी व मकर संक्रांति का उत्सव बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । इस दौरान सभी भाई बहनों ने यज्ञ हवन किया ताकि प्रकृति के पांचो तत्व शांत रहें। सेवा केंद्र इंचार्ज बीके हरदीप बहन ने सभी को कहा कि इस हवन में इस यज्ञ इस अग्नि में अपनी कमियों कमजोरियों को जलाना है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे मन में किसी के प्रति कोई कड़वाहट है तो उसे इस दिन उसे इस अग्नि में स्वाहा कर दें,। उन्होंने कहा कि यह कार्य स्वयं परमपिता परमात्मा द्वारा 1936 से चल रहा है। इस दुनिया में शांति स्थापना करने का आपस में प्रेम और भाईचारे की दुनिया लाने का सच्ची-सच्ची स्वर्णिम दुनिया सतयुग लाने का कार्य स्वयं भगवान कर रहे हैं । इस अवसर पर जनवरी मास में जिन भाई बहनों के जन्मदिन आते हैं सभी का केक काटा गया। शुभकामनाएं देने के साथ सभी को समाज भलाई के कार्य में लगे रहने के लिए प्रेरित किया गया । इसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया और सभी को लोहड़ी और मकर संक्रांति की बधाई दी गई ।


**नारायणगढ़।** हवनयज्ञ में आहुतियां डालते हुए बहनें व अन्य।

## नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत

- पंज प्यारों की अगुवाई में निकला कीर्तन, श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

सोमवार को गुरुद्वारा श्री सिंह सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव को समर्पित पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन सजाया गया। यह कीर्तन जस्सा सिंह आहलुवालिया चौक, लोटों चुंगी, बिजली बोर्ड वाली गली, पंजलासा चौक, अंबाला चौक, मुख्य बाजार, अंबेड़कर चौक से होता हुआ गुरूद्वारा साहिब आकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर गुरूद्वारा रातगढ़ साहिब के रागी मोहन सिंह तथा गुरूद्वारा सिंह सभा के रागी रंजीत सिंह ने शब्द कीर्तन सुनाकर संगत को निहाल किया। नगर कीर्तन का आहलुवालिया सभा, पिंटू कपूर, पंजलासा व विश्वकर्मा चौक की समूह संगत, गुरुद्वारा श्री रातगढ़ साहिब की प्रबंधक कमेटी व संगत, खालसा चौक की समूह संगत, मुख्य बाजार की संगत, अंबेडकर चौक सहित कई स्थानों पर नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत किया गया। नगर कीर्तन में ढाडी अमरजीत सिंह खालसा, बीबी गुरमीत कौर के जत्थे ने ढाडी वारों व सिख इतिहास बारे जानकारी दी। गुरुद्वारा श्री सिंह सभा के सचिव फरिंद्र पाल गुलियानी ने प्रकाश पूर्व की लख लख बधाई दी।


**नारायणगढ़।** निकाले गए नगर कीर्तन की अगुवाई करते पंज प्यारे।

## धार्मिक स्थलों की सफाई करने का आग्रह

- शास्त्री कॉलोनी के शिव मंदिर में पहुंचे विज, खुद मंदिर परिसर की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सोमवार को अंबाला छावनी की शास्त्री कॉलोनी के शिव मंदिर में पहुंचकर मंदिर परिसर में साफ-सफाई की। साथ ही प्रभु का आशीर्वाद लिया। विज ने गत दिवस आयोजित श्रीराम यात्रा के दौरान लोगों से आह्वान किया था कि 22 को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से पहले प्रतिदिन धर्म-स्थलों में जाकर साफ-सफाई करें जिससे मन शुद्ध होगा। इसी उद्देश्य के साथ वे प्रातः मंदिर में पहुंचकर उन्होंने स्वयं इस कार्य की शुरुआत करते हुए साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि 22 तक जिस दिन अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होनी है, उस दिन तक सारे देश को अपने आपको तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 तक सारे देवालयों व मंदिरों में भी आयोजन किए जाएंगे। इसलिए 22 तक हमें रोजाना अपने देवालयों व मंदिरों को साफ करना चाहिए। इसके अलावा, मन को शुद्ध रखने के लिए हमें सात्विक भोजन करना चाहिए। मांस-मदिरा का सेवन न करें और तामसिक व राजसिक भोजन न खाएं क्योंकि यह उत्तेजना पैदा करता है।


**अंबाला।** शिव मंदिर में पहुंचने पर गृहमंत्री अनिल विज का अभिनंदन करते लोग।

**ये रहे मौजूद**

मंदिर परिसर पर पहुंचने पर शास्त्री कॉलोनी परिवार रेजिडेंट सोसायटी के चेयरमैन कपिल विज के अलावा विपिन्न खन्ना, अनु विज, सविता विज, पूनम गुप्ता, रीटा नागपाल, सोनिया देशवाल, वनिता दुगल, डिंपल अग्रवाल, आशा खन्ना, रिया, शिखा, सीमा, सुषमा वर्मा, कमला वधवा, सोनिया नागपाल, दीपक कुमार, बलित नागपाल, राजेश अग्रवाल, विवेक जैन, विनोद वालिया, ललता प्रसाद, सुरेश वधवा, हंसराज, पिंकी, अश्विनी शर्मा, राजकुमार डांग, रवि डांग, आशीष मल्होत्रा, जीएल बतरा, दविंदर सिंह, अरविंद शर्मा, अंकित, विशाल लुकू, राकेश वर्मा, जनकराज, पिंकी शर्मा, छोटेलाल व अन्य ने गृह मंत्री का स्वागत किया। फिर मंदिर में सभी ने मिलकर साफ-सफाई में भी हिस्सा लिया।

## लक्की विहार में समस्याओं का अंबार

- इनेलो नेता ने राज्य सरकार बनने पर हर समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

बनारसी दास मिल के पीछे स्थित लक्की विहार में समस्याओं का अंबार है। सोमवार को इनेलो प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह मौके पर लोगों की समस्याएं सुनने पहुंचे। यहां रहने वाले अशोक कुमार, रामधन व अन्य ने बताया कि यहां सबसे बड़ी समस्या प्लाटों मे गंदगी, पुलिस की गश्त कम होने के कारण चोरी, स्ट्रीट लाइट न होने के करण गलियों मे अंधेरा, टूटी सड़कें व सीवर की है। कुछ दिन पूर्व बिजली बोर्ड का कर्मचारी स्ट्रीट लाइट उतार कर ले गया है जिसके कारण गली मे अंधेरा रहता है। पिछले दिनों ही कई चोरिया भी हुई हैं। इस पर ओंकार सिंह ने स्ट्रीट लाइट ले जाने वाले कर्मचारी का पता लगाया जिसने दोबारा लाइट लगाने का आश्वासन दिया। करधान चौकी इंचार्ज से गश्त बढ़ाने की गुजारिश की जो मान ली गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने अवैध व वैध कॉलोनियों के नाम पर रजिस्ट्री बंद कर रखी है जिसके कारण जनता अपने संपत्ति धारण करने के कानूनी अधिकार से भी वंचित है। लोग अपनी ही संपत्ति की खरीद फरोख्त नहीं कर पा रहे हैं। जबकि सरकार ने अवैध कॉलोनियों मे भी प्रॉपर्टी टैक्स व गरबेज कलेक्शन चार्ज लगा दिया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री खोले या प्रॉपर्टी टैक्स और कूड़ा कलेक्शन चार्ज खत्म करे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र मे सरकार जनता द्वारा, जनता की वोट से, जनता के लिए चुनी जाती है जिसका उदेश्य जनता को सुख सुविधाएं देना होता है न कि जनता को हताश, परेशान व दुखी करना। उन्होंने इनेलो सरकार बनने पर जनता की इन सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। जनता को सड़क, सफाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहिया करवाई जाएंगी।


**अंबाला।** कॉलोनी के लोगों की समस्याएं सुनते इनेलो नेता ओंकार सिंह।

## २२ को दीवाली मनाने की अपील की

- वार्ड नंबर 8 में हुआ हनुमान चालीसा यात्रा का अभिन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री राम लला की होने जा रही प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री हनुमान चालीसा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें शहर विधायक असीम गोयल ने शिरकत करते हुए यात्रा का नेतृत्व किया। अंबाला शहर की सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा व सुंदर ढींगरा ने अपनी टीम के साथ यात्रा का वार्ड 8 में पहुंचने पर स्वागत किया। भाजपा नेता सुदंर ढींगरा ने कहा कि अंबाला शहर के रामभक्तों ने श्री हनुमान चालीसा यात्रा को शहर की ऐतिहासिक यात्रा में बदल दिया है। सभी रामभक्तों ने शहर को भगवामय कर दिया है। ढींगरा ने यात्रा में आए सभी रामभक्तों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया और सभी से 22 जनवरी को दीपावली के रूप में मनाने का आग्रह कर घरों में दीपक जलाने की अपील की।


**अंबाला।** हनुमान चालीसा यात्रा का अभिनंदन करते भाजपा नेता सुंदर ढींगरा।

### नशीली दवाइयों के साथ ऑटो चालक पकड़ा

**अंबाला।** एक ऑटो चालक को पुलिस ने नशीले कैप्सूल की सप्लाई करने के आरोप में काबू किया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी ने नशीले कैप्सूल ऑटो के टूल बॉक्स में छिपाए हुए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ-साथ ऑटो को भी अपने कब्जे में लिया है। अंबाला सीआईए-1 की टीम अंबाला शहर के इंको चौक पर गश्त पर तैनात थी। इस बीच सूचना मिली कि गांव कौंला का ऑटो ड्राइवर इंद्रजीत नशा करने व नशा बेचने का धंधा करता है। आरोपी ऑटो में नशीले कैप्सूल की सप्लाई कर रहा है। पुलिस को सूचना थी कि आरोपी जीटी रोड की तरफ से जंडली पुल से होता हुआ अंबाला शहर की तरफ जाएगा। पुलिस ने जंडली पुल मॉडल टाउन के पास नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस ने इंद्रजीत को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने ऑटो की तलाशी ली तो टूल बॉक्स में (पेरासिटामौल, ट्रामाडोल, हाइड्रोक्लोराइड) नशीले कैप्सूल के 75 पत्तों में 600 कैप्सूल बरामद हुए। इन कैप्सूल का वजन करने पर 324 ग्राम हुआ।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिए दस हजार ग्रामीणों के स्वास्थ्य को जांचा

# तीन हजार लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए

- अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए खुशहाली आई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों के लिए खुशहाली लेकर आई है। विधायक असीम गोयल ने इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 72 गांवों को कवर करते हुए हजारों ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों की मौके पर ही समस्याओं को लेकर अधिकारियों को निवारण करने के निर्देश दिए। गोयल ने बताया कि अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत उन्होंने गांव डेलू माजरा से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की है। सीएम मनोहर लाल ने इस यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर एक अनूठी पहल की है। जनसंवाद कार्यक्रम को जोडने से ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को बारीकी से समझा है। इस दौरान ग्रामीणों की हर समस्या संबंधित विभाग को सौंपी गई है।


**अंबाला।** ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद प्रार्थना पत्र लेते विधायक असीम गोयल।

**170 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई**

गोयल ने इस दौरान यह भी बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत करीबन 3000 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया गया। लगभग 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा लगभग 250 लोगों की पेंशन बनाने का काम किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा करीब 170 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम करवाया गया। 150 बच्चों का अन्न परासन भी शुरू करवाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जन-जन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बारे भी जानकारी दी गई। योग्य पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम किया गया है। अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रमों के माध्यम से आधा दर्जन गांवों में विकास कार्यों की सौगात भी ग्रामीणों को मिली है। विशेषकर धुरकड़ा, उगाड़ा, कंगवाल, कुरबानपुर के साथ-साथ अन्य गांवों में विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है। गोयल ने यह भी कहा कि ग्रामीणों के साथ-साथ अन्य सभी को योजनाओं का लाभ सुगमता से मिले, इसके लिये वे प्रयासरत रहते हैं।